राज्यपाल सचिवालय

राजभवन, जयपुर

राज्यपाल ने हल्दीघाटी, चेतक समाधि पर नमन किया, प्रताप संग्रहालय का अवलोकन किया

कहा, राष्ट्र का गौरव है हल्दीघाटी की मिट्टी

राज्यपाल ने हल्दीघाटी की मिट्टी से तिलक किया

जयपुर, 7 जून। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने शनिवार को मेवाड़ की गौरवमय धरा हल्दीघाटी पहुंचकर वहां की भूमि को प्रणाम किया। उन्होंने हल्दीघाटी की मिट्टी से अपना तिलक करते हुए कहा कि यहां की मिट्टी भारत के शौर्य, साहस, पराक्रम, विजय एवं आत्मोत्सर्ग की प्रेरणादायी गाथाओं का इतिहास लिए राष्ट्र का गौरव है।

बाद में उन्होंने हल्दीघाटी में चेतक समाधि और संग्रहालय का भी अवलोकन किया। उन्होंने वहां वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप को माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। वहीं महाराणा प्रताप संग्रहालय भ्रमण के दौरान उन्होंने महाराणा प्रताप के त्याग, तपस्या और बलिदान की वीडियो फिल्म भी देखी।